29.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है, जो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।

- मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि बीते कुछ सालों में देश में मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 फीसदी तक कमी आई है।

- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कृषि उद्यानिकी के तहत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने का आह्वान किया है।

○ प्रदेश में तेज ठण्ड और शीत लहर का असर जारी–अगले दो तीन दिन कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने और तापमान में गिरावट के आसार।

0000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले साल 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए **www.constitution75.com** के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

......

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया।

........

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय एनीमेशन फिल्मों, रेगुलर फिल्मों और टीवी सीरियल्स की लोकप्रियता दिखाती है कि भारत की क्रिएटिव इंडस्ट्री में कितनी क्षमता है। एनीमेशन को लेकर श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कृष, तृष और बाल्टीबॉय, बच्चों की एक सुपरहिट एनीमेशन सीरीज है जिसका दूसरा सीजन बड़े ही खास अंदाज में गोवा में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव में शुरू हुआ था। इसे दूरदर्शन के साथ–साथ अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है। आकाशवाणी से इस सीरीज का प्रसारण प्रत्येक रविवार को दिन में साढ़े दस बजे किया जाता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2023 के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी फीसदी तक की कमी आई है।

.......

प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन भी साझा किया जिसके अनुसार भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ गई है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार शुरू करने का अर्थ है, तीस दिन के भीतर कैंसर रोगी का उपचार शुरू होना और आयुष्मान भारत योजना ने इसमें बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के कारण नब्बे प्रतिशत कैंसर रोगियों का उपचार समय पर शुरू हो सका है।

0000

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में अपने निवास पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और कई विधायक मौजूद रहे। किशनगढ में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। बारां जिले के सभी मंडलों के बूथ और शक्ति केन्द्रों पर मन की बात कार्यक्रम सुना गया, जहां भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। कोटा में पेंशनर समाज के वार्षिक उत्सव को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि पेंशनर्स को अपने अनुभव का लाभ समाज को देना चाहिए। उन्होंने पेंशनर समाज से अभावग्रस्त और वंचित लोगों की मदद करने का आग्रह किया। श्री बिरला ने लोगों से शहर को स्वच्छ और हराभरा बनाने का भी आह्वान किया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कृषि उद्यानिकी के तहत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि देश में रसायन रहित कृषि के लिए वातावरण निर्माण किए जाने की जरूरत है। श्री बागडे ने उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती के लिए कार्य किए जाने पर भी जोर दिया। श्री बागडे आज अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय कुलपति संघ की ओर से "उद्यानिकी फसलों के संरक्षण" विषय पर आयोजित 16 वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कम पानी से होने वाली फसलों और फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से बचाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया।

000000

जयपुर में कल राजस्थान में मौसम एवं जलवायु सेवाएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ये कार्यशाला रखी गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मौसम विशेषज्ञों और हितधारकों के बीच संवाद को बढावा देने और मौसम तथा आपदा की पूर्व सूचना देने के उद्देश्य से ये कार्यशाला रखी गई है।

000000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर में कमी आने के साथ शीत लहर का असर तेज हो गया है। बीते 24 घंटों में राज्य के पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। वहीं कई स्थानों पर सुबह घना कोहरा छाया रहा। राज्य में सबसे कम 4 दशमलव 1 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सिरोही में दर्ज किया गया। चूरू और श्रीगंगानगर में 6 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। झालावाड़ और बारां जिले में दो–तीन बाद हल्की धूप निकलने से लोगों को तेज ठण्ड से थोडी राहत मिली। श्रीगंगानगर जिले में मावठ के बाद मौसम के मिजाज में बदलाव आया है। घने कोहरे और तेज ठण्ड से आम जनजीवन पर असर पडा है।

......

पिछले दिनों झुंझुनूं जिले में हुई मावठ से किसानों के चेहरे खिल गए है। कृषि विशेषज्ञ गौरव शर्मा ने बताया कि इस मावठ से फसलों को काफी फायदा होगा।

......

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले तीन–चार दिन तेज ठण्ड और शीतलहर में बढोतरी का पूर्वानुमान है। अगले तीन–चार दिन राज्य के कुछ भागों में घना कोहरा छाये रहने और कुछ स्थानों पर शीतलहर और कहीं–कहीं अति शीतलहर चलने के आसार है। वहीं न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री गिरावट की संभावना है।

000000

नववर्ष के स्वागत के लिये देशी विदेशी सैलानी प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर पंहुच रहे है, जहां एक और उनकी सुविधा के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए है। वहीं दूसरी और होटल कारोबारी पर्यटकों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड रहे है।

......

000000

न्यूयॉर्क में भारत की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। हम्पी ने 11वें राउंड में 8 दशमलव 5 अंक हासिल करके टूर्नामेंट में जीत हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप जीतने पर कोनेरू हम्पी को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने हम्पी की सराहना करते हुए कहा कि उनका धैर्य और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करेगी। उल्लेखनीय है कि कोनेरू हम्पी, चीन की जू वेनजुन के बाद यह खिताब एक से अधिक बार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई है। हम्पी ने इससे पहले 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी।

00000